an>

Title: Regarding conducting NEET examination with centres in all the districts of the country.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

महोदय, मैं देश के करोड़ों युवाओं की एक बात यहाँ पर रखना चाह रहा हूँ। देश में नीट एग्जाम लेने का सरकार ने फैसला किया, लेकिन यह फैसला करने के बाद हर राज्य में सिर्फ दो या तीन सेन्टर्स मेडिकल एग्जामिनेशन के लिए रखे हैं। कोई गाँव से युवा साथी आ रहा है, कोई शहर से युवा साथी एग्जाम देने के लिए जा रहा है। देश में 400-400 किलोमीटर दूर उसे नीट एग्जामिनेशन के लिए जाना पड़ रहा है।

मैं महाराÂष्ट्र की बात करना चाहूँगा। वहाँ से इस एग्जाम में तीन लाख स्टूडेंट्स एप्पियर हो रहे हैं और वहाँ पर सिर्फ पाँच सेन्टर्स हैं।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि देश के सभी राज्यों में, सभी जिलों में नीट के एग्जाम के लिए एच.आर.डी. मिनिस्ट्री की तरफ से यह आदेशित किया जाये कि हर जिले में नीट का एग्जामिनेशन सेन्टर रहे, ताकि युवा साथियों को जो डॉक्टर बनने का सपना देख रहे हैं, उनको परेशानी न हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Rajeev Satav.